भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

20.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 645 का उत्तर

पश्चिम बंगाल में नवीन रेलवे लाइन

645. डॉ॰ सुभाष सरकारः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार/योजना बंकुरा, पश्चिम बंगाल को पश्चिम बंगाल और भारत के विभिन्न हिस्सों से जोड़ने के लिए कोई नई रेलवे लाइन या नई-रेलगाड़ी शुरू करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): बांकुड़ा पहले ही आद्रा-खड़गपुर दोहरे मार्ग पर स्थित है।

इसके अलावा, बांकुड़ा-दामोदर घाटी (97 कि.मी.) की एक आमान परिवर्तन परियोजना सहित नई लाइन वस्तुपरक आशोधन (एमएम), बौवाइचण्डी-खाना, रायनगर-माशाग्राम, बांकुड़ा (छतना)-मुकुटमोनीपुर, मुकुटमोनीपुर-उपरासोल, बांकुड़ा(कालाबाती)-पुरुलिया बरास्ता हुरा और मुकुटमोनीपुर-झिलमिलि परियोजना, जिसकी कुल लम्बाई 305.25 कि.मी. है, स्वीकृत कर दी गई है, जिसकी लागत फिलहाल 2372 करोड़ रुपए है। इसमें से बांकुड़ा-रायनगर (96 कि.मी.)

का आमान परिवर्तन कार्य और नई लाइन रायनगर-माशाग्राम (20.9 कि.मी.) का वस्तुपरक आशोधन संबंधी कार्य शुरू कर दिया गया है।

बकाया एमएम का कार्य रुक गया है, क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अपेक्षित भूमि मुहैया नहीं कराई है।

इस समय, बांकुड़ा स्टेशन से 51 मेल/एक्सप्रेस/यात्री गाड़ी सेवाऐं परिचालित होती हैं, जो बांकुड़ा को विभिन्न प्रमुख स्थानों जैसे दिल्ली, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नै, मुम्बई, बेंगलुरू, आसनसोल, धनबाद, हटिया/रांची, खड़गपुर, पटना, भुवनेश्वर, विशाखापटनम, एर्णाकुलम, इलाहाबाद आदि से जोड़ती हैं, और ये यातायात के मौजूदा स्तर को देखते हुए पर्याप्त हैं। फिलहाल, परिचालनिक और संसाधनों की तंगियों के कारण बांकुड़ा से नई गाड़ी चलाना व्यावहारिक नहीं है। बहरहाल, भारतीय रेल में नई गाड़ियां चलाना एक सतत् प्रक्रिया है और इसे यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधन उपलब्धता, प्रतिस्पर्धी मांग आदि को ध्यान में रखकर किया जाता है।

*****